प्रेषक,

रामनरायन
अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत,
चन्दौली।

स्थायी लोक अदालत चन्दौली

सेवा मे,

जिला सूचना अधिकारी
चन्दौली।

पत्रांक संख्या : 002/लोक अदालत/2025 दिनाक 12.02.2025

विज्ञप्ति/सूचना

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या 1128/एस.एल.एस.ए-5/2002 दिनांक अप्रैल 11, 2023 से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में एवं जनपद न्यायाधीश चन्दौली के आदेश दिंनाक 12.04.2023 के अनुपालन में जनपद चन्दौली में गठित स्थायी लोक अदालत में निम्नलिखित पदो पर नियुक्ति हेतु निश्चित प्रारुप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर जनपद न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत कर्मचारी ही आवेदन कर सकते है। चयनित सेवानिवृत कर्मचारी को प्रतिमाह निर्धारित मानदेय प्राप्त होगा। यह नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर अधिकतम् 02 वर्श या 65 वर्श की उम्र तक जो भी पहले हो के लिए होगी।

क्रम संख्या	नियुक्ति हेतु पद का नाम	पदों की संख्या
1.	आशुलिपिक ग्रेट –2	01
2.	पेशकार	01
3.	चपरासी	01

स्थायी लोक अदालत में कर्मचारी के रुप में कार्य करने के इच्छुक, दिनाकं 17/03/2025 को सायं 4.00 बजे तक नियत प्रारुप पर स्पष्ट शब्दों में भर कर शैक्षिक योग्यता, सेवानिवृत प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, मय नवीन फोटो पासपोर्ट साईज सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्दौली में प्रस्तुत कर सकते है। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया जायेगा। साक्षात्कार तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारुप हेतु नोटिस बोर्ड अथवा किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्दौली के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

जनपद चन्दौली मे स्थायी लोक अदालत मे आशुलिपिक, पेशकार व चपरासी पद हेतु आवेदन पत्र

(आवेदक द्वारा व्यक्तिगत रुप से भरा जाना है)

1. आवेदित पद का नाम ....
2. आवेदक का नाम ....
3. पिता/पति का नाम..
4. वर्तमान पता ....
   मोबाईल और फोन नं0 ....
   ई-मेल आइ.डी. ....
5. सेवानिवृत होने की तिथि ....
6. स्थाई पता (पते के प्रमाण की प्रति संलग्न करें)..
   ....
7. जन्म तिथि भाब्द में .... अंक में ....
8. शैक्षिक योग्यता ....
9. जिस कार्यालय से सेवानिवृत हुए है उसका नाम ....
10. आशुलिपिक को कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी व हिन्दी अग्रेजी में टंकण तथा सार्ट हैण्ड की जानकारी अनिवार्य है ....
    (कम्प्यूटर का प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें।)

पासपोर्ट साइज का नवीनतम स्वहस्ताक्षरित फोटोग्राफ चिपकाए।

दिनाक :
स्थान :

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं .... यह घोषणा करता हुं कि उपरोक्त सभी सूचना मेरी जानकारी में सही है। मेरे विरुद्ध किसी थाने में कोई अपराधिक मुकदमा दर्ज नही है और न ही किसी सक्षम न्यायालय द्वारा मुझे दण्डित किया गया है। यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय।

आवेदक के हस्ताक्षर

उक्त विज्ञप्ति को निःशुल्क प्रकाशन करने का कष्ट करे।

Ram Narayan
(रामनरायण)
अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत
चन्दौली।